क्रम-संख्या–159 (ख–5)

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल०–
डब्लू० / एन०पी०–91 / 2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (ख)

(परिनियत आदेश)

लखनऊ, शुक्रवार, 26 सितम्बर, 2025
आश्विन 4, 1947 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन
लोक निर्माण अनुभाग–2

संख्या आई / 1102485–23-2099(099)-129-2024
लखनऊ, 26 सितम्बर, 2025

कार्यालय-ज्ञाप

[नियम 3 का उपनियम (1)]

सामाजिक समाघात निर्धारण प्रारम्भिक अधिसूचना

एस0आई0ए0 अधिसूचना

प0आ0–168

राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्र के ग्राम / वार्ड स्तर के सम्बन्धित पंचायत / नगर पालिका / नगर निगम जैसी भी स्थिति हो परामर्श कर निम्नांकित भूमि के अर्जन का प्रयोजन करेगी और लोक हित में सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन को क्रियान्वित करेगी। भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 4 में दिये गये प्राविधान के अन्तर्गत अध्ययन किया जायेगा।

➤अपेक्षक निकाय का नाम–उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग।

➤प्रस्तावित भूमि के अर्जन का उद्देश्य– जनपद लखनऊ में प्रस्तावित पी0एम0मित्र पार्क (टेक्सटाइल पार्क) हेतु आउटर रिंग रोड (रैथा अण्डरपास) से पी0एम0मित्र पार्क तक फोर लेन मार्ग का निर्माण।

➤संगठन जिसके द्वारा अध्ययन किया जायेगा–लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

➤संगठन का सम्पर्क विवरण– लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

➤भूमि का विवरण–अर्जन निकाय/उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा चार लेन मार्ग के संरेखण में पड़ने वाली प्रस्तावित भूमि का अर्जनः–

जिला	तहसील	ग्राम	अर्जित क्षेत्रफल (हे0 में)
लखनऊ	बख्शी का तालाब	पुरवा	0.3451
		रैथा	12.1353
	मलिहाबाद	कोलवा भनौरा	8.5424
		खखरा	0.5152
		अऊमऊ	6.3179
		सुल्तानपुर	3.8171
		दनौर	2.7757
		रनीपारा	6.6889
		पीरनगर	0.1616
		अमलौली	3.7698
		सालेहनगर	4.9807
	कुल योग		**50.0497**

➤प्रस्तावित परियोजना से होने वाले लाभ तथा संक्षिप्त विवरण– जनपद लखनऊ के तहसील मलिहाबाद में स्थित अटारी फार्म में पी0एम0 मित्र पार्क (टेक्सटाईल पार्क) परियोजना की स्थापना वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की जा रही है, जिसके पहुँच मार्ग के निर्माण से पी0एम0 मित्र पार्क में औद्योगिक अवस्थापना एवं संरचना का विकास होगा तथा स्थापित होने वाले उद्योग/कारखानों को कच्चा माल एवं अपने उत्पाद की ढुलाई में सुविधा होगी, जिससे राज्य सरकार को वाणिज्यिक लाभ प्राप्त होने के साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

➤परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्रफल–जनपद लखनऊ की तहसील बख्शी का तालाब एवं मलिहाबाद के उपरोक्तानुसार ग्यारह ग्राम तथा लगभग 50.0497 हे0 भूमि।

➤क्या ग्राम सभा और/अथवा भू–स्वामी की सहमति की आवश्यकता है?

अधिनियम/नियम के अनुसार।

➤सामाजिक समाघात निर्धारण की पूर्ण होने की तिथि 60 दिन।

टिप्पणी– कलेक्टर, लखनऊ (अर्जन प्रयोजनार्थ) कार्यालय में सभी कार्य दिवसों में विस्तृत विवरण देखा जा सकता है।

आज्ञा से,
अजय चौहान,
प्रमुख सचिव।

———

No. I/1102485–23-2099(099)-129-2024
Dated Lucknow, September 26, 2025

———

OFFICE MEMORANDUM

[*Sub-rule* (1) of Rule 3]

PRELIMINARY NOTIFICATION TO CARRY OUT SOCIAL IMPACT ASSESSMENT

SIA NOTIFICATION

The State Government intends to acquire the following lands in consultation with the concerned Panchayat/Municipality/Municipal Corporation, as the case may be, at village/ward level, in the affected area and carry out a Social Impact Assessment Study for public purpose. The study shall be undertaken as per the provisions of Section 4 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (Act no. 30 of 2013).

➤Name of Requiring body: Uttar Pradesh Public Works Department.

➤Purpose of the proposed acquisition of land: Construction of four-lane road from Outer Ring Road (Raitha underpass) to P.M. MITRA Park (Textile Park), in Lucknow District.

➤Organisation to undertake the Study: Lucknow University, Lucknow.

➤Contact Details of the organization: Lucknow University, Lucknow.

➤Land Details: Acquisition of following proposed land fall in the alignment of four-lane road by Acquisition Body/Uttar Pradesh Public Works Department:-

District	Tehsil	Village	Area to be acquired (In Hectares)
Lucknow	Bakshi ka Talab	Purwa	0.3451
		Raitha	12.1353
	Malihabad	Kolwa Bhanaura	8.5424
		Khakhra	0.5152
		Aumau	6.3179
		Sultanpur	3.8171
		Danaur	2.7757
		Ranipara	6.6889
		Pirnagar	0.1616
		Amlauli	3.7698
		Salehnagar	4.9807
	Grand Total		**50.0497**

➤ Brief description and benefits arrives from the proposed project.

P.M. MITRA Park (Textile Park) project is being setup at Attari Farm situated in Tehsil Malihabad in Lucknow District by the Ministry of Textiles, Government of India. Construction of its access road will develop Industrial Infrastructure and structure in P.M. MITRA Park and will facilitate the transportation of Raw Material and Products to the Industries/ Factories to be setup. This will provide employment opportunities along with commercial benefits to the State Government.

➤ The Project Area and Affected Areas: Eleven Villages and about 50.0497 hectares of land as mentioned above in Tehsil Bakshi ka Talab and Malihabad of District Lucknow.

➤ Whether consent of Gram Sabhas and/or land owners is required?

According to the provisions of The Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 and The Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement (Uttar Pradesh) Rules, 2016.

➤ The date of completion of SIA 60 days.

Note:- The details can be had from the office of Collector (for the purpose of acquisition) in all working days.

By order,

AJAY CHAUHAN,

Pramukh Sachiv.

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 205 राजपत्र–2025–(618)–599+12=611 प्रतियाँ (कम्प्यूटर/टी0/ऑफसेट)।